सोमवार
24 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



देहात घर में घुसे आरोपी और जमानत पर आए किसान के सिर में गोली मार की हत्या 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# बढ़ी चिंता: पिछले 10 दिनों से केदारनाथ मार्ग पर भारी बर्फबारी

एजेंसी/देहरादून

गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के बाद उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरूआत हो चुकी है। यात्रा के पहले ही दिन भारी संख्या में श्रद्धालु दोनों धामों में पहुंचे हैं। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार धाम की यात्रा पर आने वाले लोगों का स्वागत किया है, सीएम ने कहा कि यात्रा की शुरूआत हो चुकी है। श्रद्धालुओं में चारों धाम में आने के लिए काफी जोश है। 25 अप्रैल से बाबा केदारनाथ के कपाट भी खुल रहे हैं, वहीं 27 तारीख को बद्री विशाल के कपाट खुल जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि पिछले 10 दिनों से केदारनाथ मार्ग पर लगातार

❐ 25 अप्रैल से बाबा केदारनाथ के कपाट भी खुल रहे हैं, 27 को खुलेंगे बद्री विशाल के कपाट

भारी बर्फबारी हो रही है, ऐसे में श्रद्धालु वो मौसम की जानकारी लेते हुए ही आगे बढ़ें। वहीं देश और प्रदेश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच चारधाम यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराना स्वास्थ्य विभाग और सरकार के सामने बड़ी चुनौती है। बता दें कि उत्तराखंड में कोरोना के एक्टिव केस 400 के करीब पहुंच चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा



है कि सभी श्रद्धालु स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में यात्रा लंबी होती हैं ऐसे में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और पूरी व्यवस्था के साथ यात्रा पर आएं। बताते चलें कि चार धाम में आ रहे श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी गाइडलाइंस में कहा गया है कि अधिक उम्र के लोग विशेष तौर पर यात्रा में अपना ख्याल रखें, अपनी स्क्रीनिंग करा कर आएं, अपनी दवाइयां साथ लेकर आएं, गर्म कपड़े साथ रखें और गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे यात्रा के दौरान विशेष ख्याल रखें।

**हेलीकॉप्टर की चपेट में आने से यूकाडा के फाइनेंशियल कंट्रोलर की मौत :** केदारनाथ में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। हेलीकॉप्टर की चपेट में आकर एक शख्स की मौत हो गई। मृतक का नाम अमित सैनी बताया जा रहा है जो उत्तराखंड सिविल एविएशन (यूकाडा) का फाइनेंशियल कंट्रोलर था। जानकारी के मुताबिक अमित हेलीकॉप्टर के पीछे लगे पंखे की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। बता दें कि दो दिन बाद यानी 25 अप्रैल से केदारनाथ धाम यात्रा भी शुरू हो रही है। बताया जा रहा है कि केदारनाथ यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर अमित सैनी केदारनाथ हेलीपैड के निरीक्षण के लिए गए थे, जैसे ही वह हेलीकॉप्टर से उतरे तुरंत हेलीकॉप्टर के पंखे की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। सूत्रों की मानें तो जिस समय यह हादसा हुआ उस समय उत्तराखंड सिविल एविएशन के सीईओ भी वहां मौजूद थे। बता दें कि 25 अप्रैल से बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू हो रही है, चूंकी यात्रा में अब बेहद कम समय बचा है ऐसे में प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों में लगा है। तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

## अतीक के हत्यारों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाकर किया था होटल बुक

एजेंसी/प्रयागराज

प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के हत्याकांड को लेकर एसआईटी लगातार हत्या की वजह तलाशने में जुटी हुई है। इस हत्याकांड को लेकर अब एसआईटी ने एक बड़ा खुलासा किया है। एसआईटी ने अपनी जांच में पाया कि तीनों हत्यारोपी लवलेश, अरुण और सनी ने चित्रकूट के पते पर फर्जी आधार कार्ड बनवाकर प्रयागराज के एक होटल में कमरा बुक कराया था। मिली जानकारी के अनुसार, यह तीनों शूटर चित्रकूट में ही इकट्ठे हुए थे और फिर यहां से लखनऊ के लिए चले गए। जिसके बाद लखनऊ में किसी से मुलाकात करने के बाद वह प्रयागराज के लिए आए थे। 13 अप्रैल को प्रयागराज स्थित एक होटल में इन्होंने कमरा लिया और होटल के कमरे में बैठकर अतीक की पेशी की टीवी पर पल-पल की जानकारी लेते रहे। एसआईटी को मिली आधार कार्ड की कॉपी की जांच में आधार कार्ड पर पते गलत पाए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, बांदा का लवलेश तिवारी, हमीरपुर का सनी सिंह व कासगंज का अरुण मौर्य तीनों चित्रकूट में ही मिले थे। चित्रकूट में ही इन्होंने हत्याकांड की साजिश रची थी और फर्जी आधार कार्ड लिए थे। इन शूटरों को लखनऊ में असहला मुहैया कराए गए थे। अब एसआईटी यह जांच कर रही है कि क्या इस हत्याकांड के पीछे कोई और जिम्मेदार है। जिसके द्वारा इनकी मदद की जा रही थी। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर चित्रकूट से इसका क्या संबंध है यह पता लगाने में जुटी है।

## खबरें फटाफट

### पीएम मोदी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी को धमकी भरी चिट्ठी लिखने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस शख्स की पहचान जेवियर के रूप में हुई है। जेवियर ने केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को भेजे खत में जान से मारने की धमकी देते हुए लिखा था- मोदी का हाल राजीव गांधी जैसा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 अप्रैल को दो दिन के केरल दौरे पर कोच्चि जा रहे हैं। कोच्चि पुलिस कमिश्नर सेतु रमन के मुताबिक जिस व्यक्ति ने प्रधानमंत्री के खिलाफ धमकी भरा पत्र भेजा था, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। जेवियर ने दुश्मनी के कारण अपने पड़ोसी को फंसाने के लिए यह खत लिखा। जेवियर ने चिट्ठी में एनजे जॉनी के साइन किए थे और नीचे फोन नंबर लिखा था।

### जो क्राइम करेगा उसे गोली मारी जाएगी

**पटना।** अतीक-अशरफ की हत्या के बाद बिहार में सियासी बयानबाजी थम नहीं रही है। केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि यूपी में सबसे अच्छी सरकार है। यूपी के सीएम बुलडोजर बाबा के नाम से जाने जाते हैं। जो क्रिमिनल है, उसे मिठाई नहीं खिलाएंगे। क्राइम करने वालों को गोली ही मारी जाएगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार दया के पात्र हैं। सीएम कोई भी फैसला लेने से पहले तेजस्वी की तरफ देखते हैं। तेजस्वी की वजह से वो निर्णय नहीं लेना चाहते।

वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया बड़ा बयान

# सीएम मेमोरी लॉस के शिकार, उनको मेडिकल जांच की जरूरत : सम्राट चौधरी

केटी न्यूज/पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक हैसियत को मिट्टी में मिलाने की बात करने के अगले ही दिन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्राट ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेमोरी लॉस के शिकार हैं। सम्राट ने यह भी कहा कि भाजपा ने पांच बार उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर गलती की है। वह गलती अब नहीं होगी दोबारा। सम्राट चौधरी ने कहा नीतीश कुमार को 18 साल हो गए मुख्यमंत्री बने हुए। उनको याद भी यह बात है कि नहीं मुझे पता नहीं क्योंकि आजकल उनका मेमोरी लॉस हो रहा। जैसे गजनी फिल्म में आमिर खान का मेमोरी लॉस हो जाता था वैसे ही नीतीश बाबू का भी मेमोरी आजकल थोड़ा लॉस हो जा रहा है उनको मेडिकल जांच की जरूरत है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि इस बार बिहार की जनता ने तय कर लिया है कि पिछले बार गलती से 2 सीट इन लोगों ने ले आया था लेकिन इस बार जनता नीतीश कुमार को जीरो पर आउट कर देगी। अब जनता सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री



■ बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष... 2024 और 2025 में बिहार की जनता नीतीश कुमार को देगी जवाब

नरेंद्र मोदी के तरफ देख रही है। 2024 और 2025 में बिहार की जनता नीतीश जी को जवाब देगी। सम्राट ने दावा किया कि 2025 में नीतीश कुमार जी का जो राजनीतिक वजूद है, उसको समाप्त करते हुए बिहार में भाजपा का बेटा मुख्यमंत्री बनकर बिहार को डबल इंजन की सरकार देगा।

**नीतीश को 5 बार मुख्यमंत्री बनाना भाजपा की भूल :** सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद पर हमला करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 34 विधायकों के साथ लालू प्रसाद यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाकर उनकी राजनीतिक उत्पत्ति करवाई थी। साथ ही, नीतीश कुमार को भी भाजपा ने अपने कंधे पर 5 बार बैठा कर मुख्यमंत्री बनाने की भूल की है। अभी यह भूल दोबारा नहीं होगा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तय किया है कि 2024 में 40 के 40 सीट जीतेंगे। दरअसल, बिहार भाजपा वीर कुंवर सिंह जी की विजयोत्सव मना रही है। इसको लेकर राजधानी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भाजपा ने इसका नाम गौरव यात्रा रखा। शोभा यात्रा स्टेशन रोड, डाकबंगला, बेली रोड होते हुए राजवंशी नगर स्थित ऊर्जा भवन ऑडिटोरियम पहुंचनी। बाबू वीर कुंवर सिंह जी को श्रद्धांजलि देने के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा है।

### लोगों के पास बुद्धि नहीं : नीतीश कुमार



**पटना।** बिहार में जेडीयू और बीजेपी के रास्ते जब से अलग हुए हैं, दोनों दलों के नेताओं के बीच तल्खी और बयानबाजी लगातार तेज होती जा रही है। दोनों ओर से नेता एक दूसरे पर सियासी हमले कर रहे हैं। हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लेकर 'राजनीतिक रूप से मिट्टी में मिला देने' का बयान दिया था, जिसके बाद अब नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी पर पलटवार किया है। नीतीश कुमार ने हमला करते हुए कहा कि इस तरह के लोगों के पास बुद्धि नहीं है। नीतीश कुमार ने कहा कि ये सब जो कोई बोलता है, हम कभी इस तरह की बात कभी बोलते हैं. जो इस तरह के शब्दों का प्रयोग करता है, तो समझ लीजिए कि बुद्धि नहीं है, जो मन में करे बोले, जहां करना है कर दें, जो इच्छा है करो।

## 156 देशों के जल से अयोध्या में श्रीराम का हुआ अभिषेक

एजेंसी/अयोध्या

अक्षय तृतीया में अयोध्या में राम मंदिर का 156 देशों के जल से अभिषेक किया गया। इसमें अमेरिका के 14 मंदिरों और 12 नदियों का जल भी शामिल है। 13 देशों के राजदूत, 40 देशों के अप्रवासी भारतीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे हैं। इसमें तजाकिस्तान के ताज मोहम्मद भी हैं। उन्होंने बाबर की जन्मभूमि की नदी कश्क-ए-दरिया समेत कई मुस्लिम देशों की नदियों का जल भेजा है। मणिराम छावनी के सभागार में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। सबसे पहले हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं, आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश ने नया नारा "भारत जय जगत" दिया। दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक



विजय जौली श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के साथ मिलकर यह कार्यक्रम कर रहे हैं। जौली ने बताया, "जलाभिषेक के लिए 156 देशों का जल कलश अयोध्या ला गया। इसमें उज्बेकिस्तान के ताशकंद में चिरचिक नदी, तजाकिस्तान की वख्श नदी, यूक्रेन की डेनिस्टर, रूस की वोल्गा, मॉरिशस की गंगा तालाब और हिंद महासागर का जल भी है।"

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि श्रृंगवेरपुर को पर्यटन केंद्र बनाने का प्रयास हो रहा है। इजराइल की लाइब्रेरी में यह पढ़ने को मिला कि राम के ईश्वर रूप का निषादराज ने सबसे पहले अनुभव किया था। अब पूरे देश में निषाद मछुआरों की सेना तैयार करके रावण राज्य खत्म करने में जुटा हूं। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि 5 अगस्त 2020 को पीएम नरेंद्र मोदी ने भूमि पूजन किया था। तब 1000 स्थानों से जल व रज गर्भगृह को समर्पित हुआ। आज जिन्होंने जल भेजा है, उन्हें ट्रस्ट के संतों की तरफ से सम्मान। यह आयोजन इंटरनेशनल हिस्ट्री है। जैन मुनि लोकेश ने कहा कि राम का भव्य मंदिर बन रहा है। अक्षय तृतीया से भगवान ऋषभ देव का गहरा संबंध है। मेरा सौभाग्य है कि यहां शामिल होने आया हूं। जो भगवान ऋषभदेव का जैन धर्म में स्थान, वही गौरव श्रीराम का है।




पूर्व केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी के साथ-साथ कांग्रेस पर साधा निशाना

# राहुल और सोनिया गांधी का जेल जाना तय: सुब्रमण्यम स्वामी

केटी न्यूज/पटना

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी के साथ-साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने रविवार को नीतीश कुमार के पीएम पद की उम्मीदवारी को लेकर भी बयान दिया है। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी का जेल जाना तय है। जो भी गलत काम करेंगे उनके साथ यही होगा। उन्होंने कहा कि देश में कानून से खेलने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। देश में गलत सही का मापदंड है और सबको कानून के दायरे में ही चलना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों के मुंह से लोकतंत्र की बात अच्छी नहीं लगती।

सुब्रह्मण्यम स्वामी पटना में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आये थे। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने यहां तक कह डाला कि कांग्रेसियों ने ही सबसे ज्यादा सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल किया है। राहुल गांधी की सदस्यता



खत्म होने के बाद नीतीश कुमार पीएम पद के उम्मीदवार होंगे? इस सवाल पर कहा उन्होंने कहा कि जेपी मूवमेंट के समय से नीतीश कुमार हमारे मित्र हैं और उन्होंने हमसे कभी नहीं ऐसा कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी देश का पीएम बन सकता है। जिसमें नेतृत्व की ताकत हो। उन्होंने नीतीश कुमार को अपना बहुत अच्छा मित्र बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने शराबबंदी की नीति को सही बताते हुए कहा कि मेरी नजर में शराब बेचना देशद्रोह के समान है।

### कस्टडी में अतीक की हत्या गलत

उन्होंने कहा कि अतीक अहमद गलत आदमी था। मैं उसका समर्थन नहीं करता हूं, लेकिन इस तरह कस्टडी में उसकी हत्या गलत है। कोर्ट उसे सजा देती। अतीक अहमद के मामले पर कहा कि जांच चल रही है। वहीं राजधानी पटना में 'शहीद अतीक अहमद' के नारे पर कहा कि लोकतंत्र है कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यूपी में लॉ आर्डर में सुधार हो रहा है। वहीं, सत्यपाल मलिक मामले पर सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि वो बहादुर आदमी हैं. सीबीआई के सभी सवालों का जवाब दे सकते हैं। जनसंख्या नियंत्रण पर सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि आर्थिक प्रगति से अपने आप कम होती जाती है।जनसंख्या 50 साल पहले जिस गति से बढ़ रही थी उससे तो कमी आई है। जनसंखया को कम करने के लिए आर्थिक प्रगति को 10 प्रतिशत प्रति वर्ष करनी चाहिए।

### उमेशपाल हत्याकांड में हो सकता है बड़ा खुलासा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उमेशपाल हत्याकांड के बाद पुलिस लगातार अतीक के करीबियों के कनेक्शन खंगालने में जुटी है। इस केस में नई नई जानकारियां मिल रहीं हैं। जांच के दौरान एसआईटी को उमेशपाल हत्याकांड को अंजाम देने वाले अतीक के बेटे असद के व्हाट्सएप ग्रुप में फतेहपुर जिले के कई लोगों के जुड़े होने की बात सामने आई है। प्रकरण की जांच में जुटी एसआईटी, एसटीएफ की टीमें ग्रुप में जुड़े सदस्यों तक जल्द पहुंच सकती हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन लोगों ने अपने नंबरों को बंद कर रखा है। नंबर के आधार पर पूरे लोगों की पहचान हो चुकी है। दरअसल, माफिया अतीक अहमद का बेटा असद शेर-ए-अतीक नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप चलाता था। पुलिस की जांच में जहानाबाद, हुसैनगंज, हथगांव, खखरेडू, सदर कोतवाली के पनी मोहल्ला सहित कई इलाकों के लोग संदिग्ध पाए गए हैं। इस ग्रुप में करीब 200 सदस्य जुड़े थे।

## खबरें फटाफट

### लूटपाट की साजिश करते तीन लुटेरे हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा।** जिले पुलिस की टीम द्वारा लुटेरा गिरोह के तीन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को शनिवार की शाम तरारी थाना क्षेत्र के कोसडिहरा मोड़ के समीप लूटपाट की साजिश करते पकड़ा गया। इनके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली, चोरी की एक अपाची बाइक और चार मोबाइल बरामद किया गया है। एक मोबाइल रोहतास के कच्छवां में पिछले दिनों बीएसएनएल कर्मचारी से छीना गया है। गिरफ्तार अपराधियों में तरारी थाना क्षेत्र के सारा गांव निवासी जय अमर कुमार उर्फ सूरज, अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के पुरैनी कला गांव निवासी आकाश सिंह और हसन बाजार ओपी क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी नीरज साह शामिल हैं। तीनों पिछले दिनों तरारी में पंजाब नेशनल बैंक के कैशियर और रोहतास के कच्छवां में बीएसएनएल कर्मी से लूटपाट में शामिल थे। इसके अलावे नीरज साह एवं आकाश सिंह डकैती, लूट व शराब सहित आधा दर्जन मामलों में वांटेड थे। पांच से छह कांडों में चार्जशीटेड भी हैं। एसपी प्रमोद कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार शाम एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सीओ समेत 12 को शो-कॉज

**सासाराम।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में एडीएम की अध्यक्षता में रविवार को जिला स्तरीय राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की गई। इसमें तीनों अनुमंडल के डीसीएलआर, सभी अंचलों के सीओ, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी मौजूद थे। समीक्षा में कार्य में लापरवाही को लेकर एडीएम द्वारा करगहर अंचल के सीओ समेत एक दर्जन राजस्व कर्मचारियों से शो-कॉज किया गया। समीक्षात्मक बैठक के क्रम में यह पाया कि करगहर अंचल के सीओ द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं करने और काम में लापरवाही बरतने के कारण उस अंचल की रैकिंग जिले में सबसे नीचे है। इसे गंभीरता से लेते हुए एडीएम द्वारा करगहर सीओ को शो-कॉज किया गया। साथ ही करगहर अंचल के चार पंचायतों के राजस्व कर्मियों से भी शो-कॉज किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि तीन अंचलों सासाराम, करगहर और शिव सागर में कृषि गणना के मामले लंबित हैं। एडीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारियों से शो-कॉज का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दिनारा अंचल के भुई पंचायत के राजस्व कर्मचारी अपने दायित्व और कार्य के प्रति लापरवाह हैं उससे शो-कॉज का निर्देश एडीएम द्वारा दिया गया।

# सभी अस्पतालों में होगी भीषण गर्मी से प्रभावित लोगों के गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा

- गंभीर मरीजों के इलाज के लिए प्रमुख अस्पतालों में होगा डेडीकेटेड वार्ड, 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मी रहेंगे प्रतिनियुक्ति
- भीषण गर्मी व लू से बचाव के प्रति स्वास्थ्य विभाग लोगों को करेगा जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में जारी भीषण गर्मी का आम जनजीवन पर व्यापक असर देखा जा रहा है। आने वाले दिनों में जिले के तापमान में और अधिक बढ़ोतरी का अनुमान है। अत्यधिक गर्मी व इस कारण उत्पन्न हीट वेव से आम लोगों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। खास कर छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ अपने अलग अलग कार्य से घर से बाहर जाने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

लिहाजा राज्य स्वास्थ्य समिति ने संभावित किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए समुचित तैयारी का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। राज्य स्वास्थ्य समिति के सचिव सह कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों जरूरी चिकित्सकीय इंतजाम सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया है।




**अस्पतालों में इलाज के लिए होगा डेडीकेटेड वार्ड :** जारी निर्देश के अनुसार लू से ग्रसित गंभीर मरीजों के इलाज के प्रमुख संस्थानों में डेडीकेटेड वार्ड बनाए जाएंगे। 24 घंटे चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ वार्ड में प्रतिनियुक्ति किए जाएंगे। वार्ड में आवश्यक औषधि व उपकरण उपलब्ध रहेंगे। लू पीड़ित व्यक्ति के हर्ट रेट, ब्लड प्रेशर, सांस की गति, दिमागी हालत पर समुचित नजर बना कर रखने का निर्देश संबंधित चिकित्सकों दिया गया है।

### अस्पतालों में उपलब्ध होगी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा

जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में भीषण गर्मी व लू की वजह से लोगों को होने वाले किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के उचित प्रबंधन व उपचार संबंधी सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में जरुरी इंतजाम करने को कहा गया है। अस्पतालों में भीषण गर्मी से प्रभावित व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। सभी एमओआईसी को अपने संस्थान में सभी जरूरी दवाओं का प्रयाप्त स्टोक उपलब्ध रखने को कहा गया है।

### बचाव संबंधी उपायों के प्रति लोगों को किया जायेगा जागरूक

जारी दिशा निर्देश के अनुसार भीषण गर्मी व लू के मद्देनजर सभी एंबुलेंस में एयर कंडीशन की क्रियाशीलता ऑक्सीजन व आवश्यक उपकरणों के उपलब्धता की समीक्षा कर सभी को तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। अस्पतालों में समुचित प्रकाश, पंखा कूलर, शुद्ध पेयजल व अन्य सुविधा सुनिश्चित कराने की पहल की जा रही है। भीषण गर्मी व लू से बचाव को लेकर जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश भी जारी पत्र में दिया गया है।

## परिजनों ने 11 नामजद और तीन अज्ञात पर दर्ज कराई प्राथमिकी, तीन गिरफ्तार

# देर रात घर में घुसे आरोपी और जमानत पर आए किसान के सिर में गोली मार की हत्या



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कृष्णागढ़ थाना अंतर्गत सरैया गांव में शनिवार की रात हाल में ही बेल पर जेल से आए एक किसान की हत्या की गयी। अपराधियों ने घर में घुसकर सो रहे किसान के सर में गोली मार दी। जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक सरैया गांव निवासी घनश्याम यादव बताया जा रहा है। जो हत्या के आरोप में 2021 में जेल गया था। कुछ माह पहले वह जमानत पर बाहर आया था। हालांकि दो दिन पहले उसे धमकी भी दी गयी थी। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी चंद्रप्रकाश मौके पर पहुंचे। जहां परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें गांव के ही मैनेजर यादव के पुत्र आनंद कुमार, युगल किशोर यादव का बेटा मनोज कुमार यादव और स्व. चंद्रिका यादवका बेटा परमेश्वर यादव शामिल हैं।

बताया जा रहा है घनश्याम यादव शनिवार की रात अपने घर में सोया था। रात करीब एक बजे अपराधी पहुंचे और उनको गोली मार दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और छानबीन की। रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले में घनश्याम यादव की पुत्री पुतुल के बयान पर 11 नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है कि घनश्याम यादव और उनके विपक्षी के बीच पूर्व में बच्चों के बीच खेलने के विवाद में मारपीट हुई थी। उसमें दूसरे पक्ष के एक युवक की मौत हो गयी थी। उसी विवाद में घनश्याम यादव की हत्या की गयी है। वह पांच माह पहले जमानत पर आया था। तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।



- बोले एसपी... पूर्व की अदावत और हत्या के प्रतिशोध में ली गई जान
- हत्या के आरोप में जेल गया था शख्स, पांच महीने पहले मिली थी जमानत

**दरवाजा खुलवाया और मार दी गोली :** सरैया गांव निवासी घनश्याम यादव को पहले हत्या करने चेतावनी दी दी गयी। उसके बाद उसके सर में गोली मार दी गयी। उसके लिए उसकी रेकी भी की गयी। उसके पुत्र प्रदीप यादव ने बताया कि शनिवार की रात उसके पिता पलानी में सो रहे थे। रात करीब दस बजे कुछ लोग वहां पहुंचे। तब उसके पिता ने पूछा तो सभी चले गये। उसके बाद करीब एक बजे अपराधी फिर पहुंचे। आवाज सुन उसके पिता ने फिर पूछा कि कौन है? तब अपराधियों द्वारा कहा गया कि तुम्हारी हत्या करने आये हैं। उसके बाद अपराधियों ने उनके सर में गोली मार दी। गोली की आवाज पर वेलोग पहुंचे तो, देखा कि 13-14 संख्या में अपराधी भाग रहे हैं। तीन लोग सरैया-सिन्हा रोड पर खड़े थे, जो उनलोगों को देखने के बाद भाग गए। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। प्रदीप यादव का कहना था कि आरोपितों द्वारा दो दिन ही पूर्व उसके पिता को हत्या की धमकी दी गयी थी।

**ब्रजेश की हत्या के बाद से ही चल रहा विवाद :** घनश्याम यादव के पुत्र प्रदीप यादव ने बताया कि 2021 में गांव के ही बृजेश यादव की हत्या हुई थी। जिसमें उसके पिता घनश्याम यादव, भाई लवकुश यादव और तीन चाचा को आरोपित बनाया गया था। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब पांच माह पूर्व ही उसके पिता जेल से छूट कर आये थे। इसी बीच तीन माह पूर्व दूसरे द्वारा उनके घर में आग भी लगा दी गयी थी। उसे लेकर उन लोगों ने केस किया है। दो दिन पूर्व ही उनके द्वारा उसके पिता को मारने की धमकी भी दी गई थी। घनश्याम यादव एक किसान थे। खेती कर वह परिवार का भरण-पोषण करते थे।

### बच्चों के खेलने को लेकर हुआ था विवाद, अब तक तीन की गई जान



सरैया गांव में बच्चों के खेलने के मामूली विवाद ने विकराल रूप पकड़ लिया है। समय के साथ मामला तूल पकड़ता गया। उसमें अबतक तीन लोगों की चली गयी। बताया जा रहा है कि 26 अप्रैल 2021 को घनश्याम यादव बेटे लवकुश और उसी गांव बृजेश यादव के बीच खेल के दौरान विवाद हुआ था। तब दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। उसमें ब्रजेश यादव को काफी गंभीर चोटें आयी थी। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसे लेकर बृजेश यादव के चाचा विनोद यादव के बयान पर घनश्याम यादव, उसके बेटे लवकुश यादव और उसके तीन भाई सहित अन्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। तब पुलिस द्वारा सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पांच माह पूर्व घनश्याम यादव, उनके तीन भाई दिनेश यादव, उमेश यादव और राजेश्वर यादव जमानत पर पर बाहर आए थे। हालांकि घनश्याम यादव का पुत्र लवकुश यादव अभी जेल में है। उस बीच पिछले साल जुलाई माह में ब्रजेश यादव की हत्याकांड के वाली और गवाह विनोद यादव की ही हत्या कर दी गयी। उसका शव पेड़ से लटका मिला था। उसे लेकर दोनों पक्षों में अभी विवाद चल ही रहा था कि शनिवार की रात जमानत पर आये घनश्याम यादव की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद पत्नी सुगानती देवी और बेटी पुतुल का रो रोकर बुरा हाल है। उनको तीन पुत्र लवकुश यादव, दीपक यादव व प्रदीप यादव और अविवाहित पुत्री पुतुल कुमारी के अलावा दो विवाहिता पुत्री शोभा कुमारी व उषा कुमारी से पिता का साया हमेशा के लिए समाप्त हो गया है।

## एक नजर


### ईद की नमाज के बाद दोस्त के साथ घूमने निकले पेंटर की पीट पीट कर हत्या

आरा। जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला निवासी एक पेंटर की हत्या कर दी गयी। घटना शनिवार की है। जब ईद की नमाज अदा करने के बाद युवक घर से निकला। रविवार दोपहर जेल के पीछे पोखरा के समीप उसका शव बरामद किया गया। उसका चेहरा ईंट से कूंचा हुआ था और सीने पर भी काले जख्म के निशान मिले। उस कारण ईंट से कूचकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृतक पेशे से पेंटर था। जो रौजा मोहल्ला वार्ड नंबर 27 निवासी मो. सलीम का बेटा मो. जमीरूद्दीन उर्फ गोरख था। हालांकि, परिजनों द्वारा उसके दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। मामले में पुलिस ने उसके एक दोस्त मो. गुड्डू को हिरासत में लिया है। मृत पेंटर के परिजन गुड्डू पर ही घर से बुलाकर ले जाने के बाद हत्या करने और शव को फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। हत्या की सूचना मिलने पर नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार व डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। अफसरों द्वारा उसके परिजनों से घटना की जानकारी ली गयी। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में मारपीट कर पेंटर की हत्या किये जाने की आशंका जताई गयी है। हालांकि पुलिस की मानें तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी हत्या का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा। इधर, पुलिस हत्या के कारणों का खुलासा करने के लिए हिरासत में लिया गये गुड्डू से पूछताछ कर रही है। मृतक का साला मो. रईस कौसर ने बताया कि शनिवार सुबह उसके बहनोई ईद की नमाज के बाद घर पर ही थे। तभी अबरपुल निवासी उनका दोस्त मो. गुड्डू आया और उनको लेकर चला गया। शाम में करीब छह बजे तक जब उसके बहनोई घर नहीं लौटेस तो खोजबीन शुरू की गयी। कुछ नहीं पता चला तो स्थानीय थाना में शिकायत भी की गयी। उसके बाद वे लोग मो. गुड्डू के घर गए, लेकिन उससे मुलाकात नहीं हो सकी। शनिवार की सुबह भी वेलोग दुबारा मो. गुड्डू के घर गए। उस समय भी गुड्डू घर पर नहीं मिला। बाद में करीब 11 बजे फिर उसके घर गए तब, उससे मुलाकात हुई। पूछताछ करने पर पहले तो उसने कुछ नहीं बताया। बाद में कहा कि खेताड़ी मोहल्ला निवासी आदिल नामक युवक ही कुछ बतायेगा। उसके बाद वह आदिल से मिलाने की बात कह सभी को जेल के पीछे ले गया। वहां उसके बहनोई का शव पड़ा हुआ था। उसके बाद गुड्डू को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।



### ट्रेन की चपेट में आने से इंटर के छात्र की मौत

**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग के पास जगदेव नगर के समीप रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से इंटर के एक छात्र की मौत हो गयी। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत छात्र चांदी थाना क्षेत्र के जोकटा गांव निवासी शिक्षक चंद्र कुमार सिंह का बेटा निशांत कुमार था। वह इंटर साइंस का छात्र था और पढ़ाई करने के लिए करीब छह माह से परिवार के साथ जगदेव नगर मोहल्ले में किराये के मकान में रहता था। उसके पिता चंद्र कुमार सिंह ने बताया कि निशांत आरा में चार जगह पर ट्यूशन पढ़ता था। रोज की तरह रविवार की सुबह भी वह ट्यूशन पढ़ने जाने के लिए घर से निकला था। तभी जगदेव नगर रेलवे क्रॉसिंग के समीप वह पीछे से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। उससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर वे लोग पर पहुंचे और इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है छात्र तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में पिता, भाई अंकित कुमार और अमन कुमार है। बताया जा रहा है कि उसकी मां शोभा देवी की 2017 में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इधर, बेटे की मौत से पिता पूरी तरह टूट चुके थे। रो-रोकर उनका बुरा हाल था।



### जिले के घर घर में होनी चाहिए भगवान परशुराम की पूजा: ब्राह्मण संघ

**जहानाबाद।** जिले में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के दूसरे दिन शहर के एक निजी हॉल में ब्राह्मण संघ द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथलेश तिवारी, पूर्व एमएलसी टुन्ना पांडेय जहानाबाद पहुंचे जहां दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सहित मंचासीन सभी सम्मानित अतिथियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया। मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभागार में उपस्थित सभी सम्मनित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी। वहीं इस दौरान मंचासीन अतिथियों को अपनी व्यथा को व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान परशुराम की पूजा घर घर में होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की भगवान परशुराम के विषय में लोगों को बताएं। वहीं इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व एमएलसी टुन्ना पांडेय ने बताया कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे। उनकी पूजा घर घर होनी चाहिए। वहीं एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि आज हम भगवान परशुराम के प्रचार प्रसार के लिए यहां आए हैं और लोगों को यह बताने आये की भगवान परशुराम कौन थे। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करें और उनके बताये हुए राह पर चलें। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जदयू जिला कार्यालय में मनाया गया बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव

# अंग्रेजों की कोशिशों के बाद भी भोजपुर लंबे समय तक स्वतंत्र रहा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

भारत की स्वतन्त्रता संग्राम में लड़ाई लड़ने वाले एक महान योद्धा, स्वतन्त्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव रविवार को जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जदयू जिला कार्यालय में उनके मृत्यु के उपरांत विजयोत्सव के रूप में मनाया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर विजयोत्सव मनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।




विजयोत्सव के अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह संगठन प्रभारी महेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि 1857 में अंग्रेजों को भारत से भगाने के लिए हिंदू और मुसलमानों ने मिलकर कदम बढ़ाया। मंगल पांडेय की बहादुरी ने सारे देश में विप्लव मचा दिया। बिहार की दानापुर रेजिमेंट, बंगाल के बैरकपुर और रामगढ़ के सिपाहियों ने बगावत कर दी। मेरठ, कानपुर, लखनऊ, इलाहाबाद, झांसी और दिल्ली में भी आग भड़क उठी। ऐसे हालात में बाबू कुंवर सिंह ने अपने सेनापति मैकु सिंह एवं भारतीय सैनिकों का नेतृत्व किया। 27 अप्रैल 1857 को दानापुर के सिपाहियों, भोजपुरी जवानों और अन्य साथियों के साथ आरा नगर पर बाबू वीर कुंवर सिंह ने कब्जा कर लिया। अंग्रेजों की लाख कोशिशों के बाद भी भोजपुर लंबे समय तक स्वतंत्र रहा। जब अंग्रेजी फौज ने आरा पर हमला करने की कोशिश की तो बीबीगंज और बिहिया के जंगलों में घमासान लड़ाई हुई। बहादुर स्वतंत्रता सेनानी जगदीशपुर की ओर बढ़ गए। आरा पर फिर से कब्जा जमाने के बाद अंग्रेजों ने जगदीशपुर पर आक्रमण कर दिया। बाबू कुंवर सिंह और अमर सिंह को जन्म भूमि छोड़नी पड़ी। अमर सिंह अंग्रेजों से छापामार लड़ाई लड़ते रहे और बाबू कुंवर सिंह रामगढ़ के बहादुर सिपाहियों के साथ बांदा, रीवां, आजमगढ़, बनारस, बलिया, गाजीपुर एवं गोरखपुर में विप्लव के नगाड़े बजाते रहे। ब्रिटिश इतिहासकार होम्स ने उनके बारे में लिखा है कि उस बूढ़े राजपूत ने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध अद्भुत वीरता और आन-बान के साथ लड़ाई लड़ी। यह गनीमत थी कि युद्ध के समय बाबू कुंवर सिंह की उम्र अस्सी के करीब थी। अगर वह जवान होते तो शायद अंग्रेजों को 1857 में ही भारत छोड़ना पड़ता।

विजयोत्सव पर सभा को सम्बोधित करते हुए जदयू के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 23 अप्रैल 1858 में, जगदीशपुर के पास अंतिम लड़ाई लड़ी। ईस्ट इंडिया कंपनी के भाड़े के सैनिकों को इन्होंने पूरी तरह खदेड़ दिया। उस दिन बुरी तरह घायल होने पर भी इस बहादुर ने जगदीशपुर किले से ₹यूनियन जैकर₹ नाम का झंडा उतार कर ही दम लिया। वहां से अपने किले में लौटने के बाद इन्होंने वीरगति पाई। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रंगनाथ शर्मा, जिला अभियान प्रभारी कमलेश कुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु, नरेंद्र किशोर सिंह, प्रमिला देवी, प्रखंड अध्यक्ष रणधीर पटेल, नगर अध्यक्ष चंदन कुमार मुरारी यादव, मधेश्वर यादव,गुलाम मुर्तजा अंसारी, पंकज शर्मा, मनीष कुमार, सुमन कुमार, अनिल कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### खलिहान से 8 क्विंटल धान चुराने वाला गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरान सराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के दखिनांव गांव से एक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार चोर जितेन्द्र भर उर्फ जितेन्द्र राय पिता बुधन राय पर कोरानसराय के निखिलेश्वर तिवारी ने अपने खलिहान से 8 क्विंटल धान चुराने का आरोप लगाते हुए 30 नवंबर 2022 को मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। लेकिन गुप्त सूचना पर शनिवार की रात पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि निखिलेश्वर तिवारी के खलिहान से जितेन्द्र भर ने सोमारू पासवान के साथ मिल 8 क्वींटल धान चुरा लिए थे।

### 12 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नावानगर। सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के मणियां गांव के गली में एक तस्कर महुआ शराब बेच रहा था। जिसे ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 12 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है। गिरफ्तार तस्कर गांव की पहचान स्थानीय गांव के सत्येन्द्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दिया कि गांव के गली में एक युवक महुआ शराब बेच रहा है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने अपने जवानों के साथ चिन्हित स्थान पर छापेमारी किया। छापेमारी में पुलिस के हाथ एक गैलेन लगी। गैलेन खोलकर पुलिस ने देखा तो उसमें 12 लीटर महुआ शराब था। शराब मिलते ही पुलिस ने तस्कर को भी धर दबोचा। जिसके बाद मद्य निषेध अधिनियम के तहत तस्कर पर नामजद एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया।

# राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होकर लौटे डुमरी मुखिया, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

- राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए केन्द्रीय टीम ने किया था चयन
- मुखिया ने पुरस्कार का श्रेय पंचायत की जनता को दिया

**केटी न्यूज/सिमरी**

प्रखंड के डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 से सम्मानित हुए है। उन्हें यह पुरस्कार 17 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने हाथों दिया है। केन्द्रीय राजधानी नई दिल्ली से पुरस्कार व सम्मान पा लौटे डुमरी लौटे मुखिया का ग्रामीणों, राजनेताओं व पंचायत प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया है। इस दौरान उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। रविवार को गांव में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें पूर्व विधायक दिलमणी देवी, सिमरी प्रखंड के पूर्व प्रमुख सत्यनारायण दूबे, काजीपुर पंचायत के मुखिया इम्तियाज अंसारी, पूर्व मुखिया काजी उज्जैर आलम, भोजपुर जदीद पंचायत के पूर्व मुखिया बच्चन यादव समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधियों, सैकड़ों ग्रामीणों तथा आस पास के गांवों से आए लोगों ने उन्हें सम्मानित करने के साथ ही इस पुरस्कार के लिए बधाई दिया है। पूर्व विधायक दिलमीणी देवी ने कहा कि डुमरी पंचायत की जनता बधाई की पात्र है जिसने इतने अच्छे व्यक्ति के हाथों में अपने पंचायत की बागडोर दी है। इनके बेहतर कार्यो से आज पूरे देश में डुमरी पंचायत का नाम रौशन हुआ है। पूर्व विधायक ने पंचायत को



विकसित पंचायत बनाने तथा आम जनता के हर सुख दुःख में तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि अन्य पंचायतों के प्रतिनिधियों को इनसे सीख लेना चाहिए। वहीं पूर्व प्रमुख सत्यनारायण दूबे ने कहा कि वे इस सम्मान के हकदार थे। कम समय में ही उन्होंने अपने पंचायत में विकास की गंगा बहाई है। आम जनता के सहयोग से सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतार तथा गांव को स्वच्छ व सुंदर बना ये अन्य पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों के लिए नजीर पेश कर रहे है। वही काजीपुर मुखिया इम्तियाज, पूर्व मुखिया काजी उज्जैर आलम, नया भोजपुर के पूर्व मुखिया बच्चन यादव समेत कई अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दिया है।

**गाजे बाजे के साथ किया गया स्वागत :** जानकारी के अनुसार वे दिल्ली से सुबह करीब साढ़े पांच बजे डुमरांव स्टेशन पर उतरे। जैसे ही श्रमजीवी एक्सप्रेस से नीचे उतरे की वहा पहले से ही उनके समर्थक व पंचायत के दर्जनों लोग मौजूद थे। लोगों ने स्टेशन पर ही उन्हें फूल माला से लादने के साथ गाजे बाजे के साथ गांव तक ले गए। गांव में प्रवेश के साथ ही जगह जगह उनका स्वागत किया जा रहा था।

**मुखिया ने पंचायत की जनता को दिया श्रेय :** वहीं राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 से सम्मानित होने वाले डुमरी मुखिया प्रेम सागर कुंवर ने इसका श्रेय पंचायत की जनता को दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत की जनता के सहयोग तथा अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर तथा विकसित बनाने के संकल्पों के बदौलत ही उनका चयन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए हो सका है। उन्होंने कहा कि उन्हें हर समय जनता का सहयोग मिलता है, जिससे उनका काम आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस पुरस्कार के मिलने के बाद उनका उत्साह और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य अपने पंचायत को देश का सबसे सुंदर व विकसित पंचायत बनाना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए वे हर दिन कठिन परिश्रम कर रहे है। सम्मान समारोह के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व गणमान्य उपस्थित थे।

### नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था चरमराई, लोगों ने ईओ से की शिकायत

# नियमित कूड़ा-कचरा उठाव के लिए डिवाइस चिप सिस्टम लगाएगा नगर परिषद: ईओ

- सफाई में कोताही बरतने पर सफाई एजेंसी पर की जायेगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद के विस्तारित वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। नया भोजपुर, पुराना भोजपुर, नवाडेरा, बनकट आदि गांवों में नियमित तौर पर सफाई कर्मी नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिस कारण धरातल पर डोर-टू-डोर कूड़ा उठाव फिसड्डी साबित हो रहा है। विस्तारित क्षेत्र के लोगों ने इसकी शिकायत नगर परिषद के ईओ से की है। जिसके बाद ईओ सख्त हो गए है। उन्होंने कार्य एजेंसी को विस्तारित क्षेत्रों में नियमित सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके अलावे गांवों में डोर-टू-डोर कचरा उठाव पर कड़ी निगरानी रखने की कवायद शुरू कर दी है। सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने और नियमित कूड़े-कचरे उठाव के लिए नप प्रशासन ने डिवाइस चिप सिस्टम लगाने की कार्ययोजना तैयार की है। विभागीय निर्देश मिलने के बाद नप इस कार्ययोजना को धरातल पर



उतरेगा। सफाई में कोताही बरतने पर सफाई एजेंसी पर कार्रवाई भी की जायेगी।

**निगरानी के लिए हर दिन का डेटा किया जाएगा कलेक्ट :** इस सिस्टम के जरिये निगरानी के साथ हर दिन का डेटा कलेक्शन होगा। इसके लिए नप कार्यालय में एक कंट्रोल रूम भी बनाया जायेगा। जानकारों की मानें तो स्वच्छता सर्वेक्षण में सूबे के नगर पर्षदों की पायदान की श्रेणी में गिरावट आने के बाद नगर विकास व आवास विभाग ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने के लिए कई आधुनिक तरीका अपनाने की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें स्थानीय नगर परिषद भी शामिल है। सफाई के कामों में लापरवाही बरतने पर विभाग नकेल कसने की कार्रवाई भी करेगा। शहर की स्वच्छता बरकरार रखने के लिए नप द्वारा हर माह मॉनेटरिंग की जाती है। हर वार्डों में कूड़े-कचरे उठाव की जिम्मेदारी एजेंसी के जिम्मे दी गयी है, लेकिन कई गली, मोहल्ले व नये वार्डों में कचरे की उठाव नहीं होने की शिकायतों पर नप की किरकिरी हो रही है। इन जगहों पर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाली गाड़ियां कम दिखती है तो साफ-सफाई वाले कर्मचारी भी नहीं पहुंचते। शहर के मुख्य सड़कों का कूड़ा उठाव तो होता है, लेकिन विस्तारित क्षेत्र एवं गलियों का कूड़ा-कचरा पसरा रहता है। कचरा भरने से जाम हो चुकी नालियों से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़को पर बहता है।

### उठाव के साथ साथ कार्य में लगे सफाईकर्मियों से जुड़ी हर जानकारी होगी अपडेट

नगर परिषद ने सूखे और गीले कचरे उठाव के लिए हर घरों को डस्टबीन का वितरण किया है। इन घरों से कचरा उठाने वाले वाहन और सफाईकर्मियों को भी नए सिस्टम के द्वारा नप प्रशासन अपने कार्यालय से सीधे तौर पर कचरा उठाव से अपडेट करेगा। साथ ही कचरा कलेक्शन के एरिया के साथ उठाव करने वाले सफाईकर्मियों से जुड़ी हर जानकारी मिलेगी। अगर सफाई कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मी की जानकारी मिलती है तो उस पर आसानी से कार्रवाई की जा सकती है। नप सूत्रों ने बताया कि विभागीय निर्देश के बाद जल्द ही चिप सिस्टम लागू करने की योजना धरातल पर उतारा जायेगा। योजना के तहत डोर–टू–डोर कचरा उठाव करने वाले कर्मचारी के पास भी एक चिप मुहैया कराया जायेगा, जिसे वे अपने कचरा ढोने वाले वाहन में लगायेंगे। इस सिस्टम से कचरा उठने के साथ ही सिग्नल मिलेगा और अधिकारी इस सिस्टम से रूबरू हो सकेंगे।

### विभागीय निर्देशों का किया जाएगा पालन : ईओ

इस संबंध में नगर परिषद के ईओ मनोज कुमार ने कहा कि विभागीय निर्देशों का पालन करते हुए इस तरह की योजनाओं को लागू किया जायेगा। इस योजना से हर पल सफाई की जानकारी मिलेगी तथा लोगों के शिकायत का तत्काल निपटारा होगा।

## एक नजर

### रघुनाथपुर में रेल यात्री कल्याण समिति ने फूंका केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का पुतला



**ब्रह्मपुर।** रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की बहाली तथा टेज्नों के ठहराव के मांग पर यात्री कल्याण समिति का आंदोलन रविवार को 17 वें दिन भी जारी रहा। रविवार को समिति सदस्यों ने स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का पुतला दहन किया। बता दें कि रघुनाथपुर में रेल यात्री कल्याण समिति 7 अप्रैल से ही यात्री सुविधाएं बढ़ाने तथा ट्रेनों के ठहराव की मांग पर धरना दे रही है। रविवार को पुतला दहन के दौरान समिति सदस्यों के साथ ही प्रखंड के विभिन्न गांवों के सामाजिक कार्यकर्ता, सिमरी मध्य के जिला परिषद केदार सिंह, भाकपा जिला मंत्री ज्योतिश्वर सिंह उर्फ बालक दास, किसान सभा के नेता जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ चन्द्रशेखर पाठक तथा संचालन नागेन्द्र मोहन सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि 3 करोड़ 32 लाख से ज्यादा का राजस्व देने वाला रघुनाथपुर स्टेशन पर एक अदद ट्रेन का ठहराव नहीं हो पा रहा है। जबकि इससे कम राजस्व देने वाले गहमर स्टेशन पर 5 एक्सप्रेस ट्रेन रुक रही रही हैं। सभा समाप्ति के बाद स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से दानापुर मंडल के डीआरएम को ज्ञापन दिया गया। आज का धरना समाप्त होते ही सभी धरनार्थी जुलूस के शक्ल में पँचमन्दिर, बाजार चौक होते हुए रेलवे गुमटी के पश्चिमी दक्षिण चौक पर रेल प्रशासन मुदार्बाद, रेलमंत्री मुदार्बाद, बक्सर सांसद होस में आओ एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करो जैसे नारो के बीच सांसद अश्विनी चौबे का पुतला फूंका। मौके पर संदीप कुमार राय, सीताराम ठाकुर, शंकर गोंड, हीरालाल वर्मा, मोहमद सहजाद, प्रभुनाथ पाल, संजय ओझा, कंचन कुमार सिंह, मोख्तार पासवान, जावेद अख्तर, नन्दगोपाल पांडये, निर्मल कुमार केशरी, जलील मोहमद उर्फ नेताजी, पिंकू ओझा, परबिंद सिंह, राजेश कुमार यादव, श्याम वीर सिंह, संजय कुमार मिश्र, सन्तोष सिंह यादव, जितेंद्र मिश्र, अजय सिंह, राजगृही साह, परमहंस सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### अग्निपीड़ित परिवार से मिले डुमरांव विधायक, मदद का दिया आश्वासन

**नावानगर।** दो दिन पूर्व गिरिधर बरांव पंचायत के बिचली भरौली गांव के एक घर में हुई अगलगी घटना का जायजा लेने रविवार को डुमरांव विधायक अजीत कुमार पहुंचे। वे पीड़ित गृहस्वामी भोला राय से मिलकर इस घटना कि जानकारी ली। विधायक ने पीड़ित गृहस्वामी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक ने नावानगर थानाध्यक्ष से वार्ता कर अगलगी की



एफआईआर दर्ज करने तथा सीओ से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की अपील किया। बता दें कि 21 अप्रैल को बिचली भरौली के भोला राय के फुसनुमा छत वाली मकान में अचानक आग लग गई थी। घर में आग की उठती लपटें पर काबू पाने के लिए घर वालों ने ग्रामीणों के सहयोग खुब कोशिश की, पर अगलगी में घर में रखे फर्निचर समान, बिछावन, अनाज, वस्त्र, समेत तमाम घरेलू सामान जल कर राख हो गया था। आग कैसे लगी इसका स्पष्ट कारण मालूम नहीं हो सका था। इधर अगलगी में सब कुछ बर्बाद होने तथा पीड़ित परिजन खुले आसमान के नीचे रात गुजारने की सूचना पर विधायक पहुंचे थे। इस दौरान विधायक के प्रतिनिधि निरज कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### एएलटीएफ ने चलाया केसठ में छापेमारी अभियान, 20 लिटर देशी शराब बरामद

**केसठ।** डुमरांव इंस्पेक्टर विमल दास के निर्देश पर एएलटीएफ और नावानगर पुलिस ने केसठ के विभिन्न महादलित बस्तियों में शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस को देख सभी शराब कारोबारी अपने अपने घरों से फरार हो गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक अवैध भट्ठी को ध्वस्त करने के साथ ही वहा मिले शराब बनाने वाले उपकरण जैसे केन, टीन आदि को तोड़ने के साथ



ही करीब 400 लीटर अर्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिरा नष्ट कर दिया। जबकि 20 लिटर देशी शराब बरामद किया गया है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी भाग खड़े हुए। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। भट्ठी ध्वस्त करने तथा शराब विनष्ट करने के बाद पुलिस अब कारोबारियों की पहचान में जुट गई है। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि रविवार को एएलटीएफ और नावानगर पुलिस के संयुक्त छापेमारी में करीब 400 लीटर अर्धनिर्मित महुवा शराब को जमीन पर गिरा नष्ट किया गया है जबकि 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि शराब कारोबारियों की पहचान की जा रही है। उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अपराध की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार, कट्टा बरामद

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफ्सिल थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर चकरहसी गांव में छापेमारी कर अपराध की योजना बनाते दो युवकों एक कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में एक स्थानीय गांव का निवासी है जबकि दूसरा रोहतास जिले का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार मुफ्सिल थानाध्यक्ष निर्मल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि चकरहसी गांव में दो अपराधी अपराध की योजना बनाने की नियत से जुटे है। इस सूचना पर पुलिस ने चकरहसी के चंद्रकिशोर शर्मा के घर छापेमारी किया। छापेमारी में उसके घर से एक कट्टा बरामद हुआ। जबकि मौके पर मौजूद रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के मड डिहरा गांव क रवि रंजन शर्मा को भी पुलिस ने गिरफ्तार



किया है। पूछताछ के दौरान चंद्रकिशोर ने बताया कि रवि उसे कट्टे की डिलीवरी देने आया था। हालांकि पुलिस इनके बातों को सच नहीं मान रही है। लेकिन पुलिस यह नहीं बता सकी कि वे दोनों किस घटना को अंजाम देने वाले थे। वैसे सूत्रों की मानें तो पुलिस ने समय रहते एक बड़े अपराधिक घटना को होने से रोक दिया है। गिरफ्तार युवकों को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। मुफ्सिल थानाध्यक्ष निर्मल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस उनके अपराधिक रिकार्ड को खंगाल रही है।

### मन की बात को लेकर रामलीला मंच पर बैठक

**बक्सर।** रामलीला मंच पर रविवार को भारत के सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वों एपिसोड मन की बात कार्यक्रम को लेकर बक्सर विधान सभा की बैठक बक्सर नगर के अध्यक्ष रमेश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न की गई। जिसमें मुख्ये रुपे से हर विधानसभा के लगभग 600 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम करने के लिए विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला के सभी पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी एवं मुख्य रूप से शक्ति केंद्र के प्रभारी उपस्थिते रहे। साथ ही बैठक में उक्त कार्यक्रम हेतु मंडल के प्रभारी एवं शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त किऐ गए। साथ ही साथ विधानसभा के अंतर्गत वैसे 10 जगहों पर मन की बात कार्यक्रम करनो है। जहां पर उत्सव का माहौल और सभी कार्यक्रम को नमो ऐपे पर लोड करनो है। बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह एवं बक्सर लोकसभा के संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष राजवंश सिंह महामंत्री निर्भय राय, राजेंद्र लेस पाठक व अन्य मौजूद रहे।

## अप्रतिम योद्धा थे कुंवर सिंह, ब्रिटिश हुकूमत के संगीनों का किया था बेखौफ सामना: रामजी सिंह

**केटी न्यूज/बक्सर**

1857 के क्रांति के महान नायक तथा 80 वर्षों की उम्र में भी अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले जगदीशपुर के जमींदार बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। बक्सर के जहाज घाट स्थित वीर बांकुड़ा के सबसे पुरानी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा शक्ति के बैनर तले किया गया था। जिसकी अध्यक्षता बक्सर के चर्चित युवा नेता व नगर परिषद के उपचेयरमैन प्रतिनिधि रामजी सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सदर एसडीपीओ गोरख राम ने बाबू कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अध्यक्षता कर रहे युवा नेता रामजी सिंह ने कहा कि भारतीय





स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जो स्थान कुंवर सिंह का है वह किसी को नहीं मिला है। अस्सी वर्षो की उम्र में भी उन्होंने अपनी वीरता से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। रामजी ने कहा कि वे उस अवस्था में भी ब्रिटिश हुकूमत के संगीनों का बेखौफ सामना किए थे। उन्होंने कहा कि जीते जी अंग्रेज कभी उनकी रियासत पर कब्जा नहीं जमा सके। बल्कि वे आरा के साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश से भी अंग्रेजों को खदेड़ भगाया था। उन्होंने कहा कि वे अपनी अंतिम लड़ाई 23 अप्रैल को ही जीते थे। वही एसडीपीओ गोरख राम ने कहा कि आज की पीढ़ी को राष्ट्र रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पण की सीख कुंवर सिंह से लेनी चाहिए थी। मौके पर मनीष तिवारी, मुन्ना पंडित, सुमन पांडेय, वार्ड पार्षद विजय राजभर, अजय मानसिंहका, जयप्रकाश सिंह कुशवाहा, राजेश समाजवादी, विनय शुक्ला, दीपक समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### कोपवा के कुलदेवी मां रति मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू, वैदिक विधान से किया गया भूमि पूजन

# सैकड़ों साल से कुलदेवी के रूप में मां रति की होती है पूजा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोपवा के काली मंदिर परिसर में स्थित कुल देवी मां रति मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू हो गया है। रविवार को वैदिक विधान व मंत्रोच्चार के बीच इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन तथा शिलान्यास किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह एक पौराणिक मंदिर है, जिसका इतिहास लगभग हजारों वर्ष पुराना है। ग्रामीणों की मानें तो मा रति कोपवा की कुल माता के रूप में विख्यात है। माँ रति की कृपा से ही कोपवा में चारो तरफ भक्ति, भाव का वातावरण बना रहता है। मंदिर का जीर्णोद्धार कोपवा के धरती पुत्र संत स्वरूप मुन्ना सिंह, एवं उनके बड़े भाई अवधेश सिंह तथा मिथिलेश सिंह के विशेष सहयोग से हो



रहा है। भूमि पूजन के दौरान मुख्य रूप से पूर्व मुखिया लल्लू सिंह, रामेश्वर सिंह, प्रमोद सिंह, अखिलेश सिंह, निपु सिंह, रामायण सिंह, प्रिंस सिंह, करिया, लल्लू एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

**कामदेवी की पत्नी थी रति :** बता दें कि देवी रति कामदेवी की पत्नी थी तथा जब कामदेव को भगवान शिव अपने कोप से जलाकर भस्म कर दिये थे तो माता रति शिव जी के शरण मे जाकर रोने लगी थी। इनके प्रार्थना से प्रसन्न होकर, भगवान भोलेनाथ ने उन्हें जीवनदान दिया था। ग्रामीणों की मानें तो इन सभी रहस्यों का खुलासा सद्गुरु श्रीकृष्णा नन्द जी महाराज ने अपने पुस्तक (बुद्धों का पथ) में बहुत पहले ही कर चुके है।

**भव्य मंदिर का होगा निर्माण :** मां रति के प्रति आज भी कोपवां के ग्रामीणों की अटूट आस्था रहती है। यही कारण है कि प्राचानी मंदिर के जीर्ण होते ही इसके जीर्णोद्धार के लिए ग्रामीण मुन्ना सिंह, अवधेश सिंह तथा मिथिलेश सिंह से गुहार लगाए। इसके बाद तीनों ने ग्राम्य माता के मंदिर जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। मुन्ना सिंह की मानें तो भूमि पूजन के बाद मंदिर का निर्माण कार्य बहुत तेजी से किया जाएगा तथा काफी भव्य मंदिर का निर्माण होगा। उन्होंन कहा कि भूमि पूजन के साथ ही इस मंदिर के जीर्णोद्धार होने तथा भव्य मंदिर के रूप में देखने के लिए ग्रामीण उत्साहित है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होगा। इसके बाद शुभ मुहुर्त में ग्राम्य माता देवी रति की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देवी रति के प्रति सभी ग्रामीणों में गहरी आस्था रहती है। यही कारण है कि मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू होते ही ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

### वर्ष 2006-07 में कुल 97.22 करोड़ रुपए की धनराशि से हुई थी सीवर योजना की शुरूआत

# सीवरेज घोटाले में तत्कालीन एक्सईएन और कार्यदायी कंपनी पर एफआईआर

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में घोटाले की भेंट चढ़ी सीवरेज योजना में तत्कालीन एक्सईएन कायम हुसैन और कार्यदायी कंपनी ज्योति बिल्डटेक के खिलाफ शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। तत्कालीन एक्सईएन पर कंपनी को मनमाने ढंग से भुगतान कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने और कार्यदायी कंपनी को फर्जी बैंक गारंटी देने और सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोपी बनाया गया है। जल निगम शहरी के एक्सईएन अंकुर श्रीवास्तव की तहरीर पर कंपनी पर केस दर्ज किया गया है।

शहर में वर्ष 2006-07 में सीवर योजना की शुरूआत कुल 97.22 करोड़ रुपए की धनराशि से हुई थी। इस धनराशि से सीवर व एसटीपी का निर्माण होना था, लेकिन यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। सीवर निर्माण के लिए शहर को दो भागों में बांटा गया था। सिटी जोन की लागत जहां 52.22 करोड़ रुपए थी। वहीं



- **तत्कालीन एक्सईएन कायम हुकैन को बनाया गया मुख्य आरोपी**
- **राशि वसूली के लिए किया गया पत्राचार**

सिविल लाइन जोन के लिए कुल लागत 45 करोड़ रुपए निर्धारित थी। कुल 97.22 करोड़ रुपए में से 12 करोड़ की धनराशि एसटीपी निर्माण के लिए तय की गई थी। शासन से कार्ययोजना स्वीकृत होने के बाद बतौर कार्यदायी संस्था जल निगम को नामित किया गया और विभाग ने इस कार्य को मेसर्स ज्योति बिल्ड टेक को ठेका दे दिया। 2018 में इस कंपनी ने भी गुजरात की कंपनी ग्रीन लीव को एसटीपी निर्माण की जिम्मेदारी दे दी। एसटीपी शहर से करीब नौ किमी दूर छोड़कर गांव में बनने का कार्य शुरू हुआ, लेकिन पूरी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

**कंपनी का अनुबंध निरस्त कर दिया गया :** कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर जांच के बाद उपरोक्त कंपनी को फिर से कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन कंपनी की ओर से नहीं कराया गया। इसके बाद विभाग ने जमानत राशि जब्त करने के लिए बैंक से संपर्क किया तो पता चला कि बैंक गारंटी ही फर्जी है। कंपनी को फिर से बैंक गारंटी जमा करने के लिए कहा गया, लेकिन कंपनी ने जमा नहीं की। इस पर कंपनी का अनुबंध निरस्त कर दिया गया। कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी कार्यों में बाधा डालने, सरकारी धन के दुरुपयोग में एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई है। वहीं, तत्कालीन एक्सईएन कायम हुकैन को उक्त कंपनी को मनमाने ढंग से भुगतान करने, विभाग को आर्थिक क्षति पहुंचाने आदि का आरोपी बनाया गया है। शहर कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**घोटाले में कायम हुसैन से होगी 9.50 करोड़ की रिकवरी :** जनपद में हुए एसटीपी निर्माण सीवर लाइन घोटाले में शासन की ओर से तत्कालीन एक्सईएन कायम हुसैन को दोषी पाया गया है। इसके साथ ही उनसे 9.50 करोड़ों रुपए की वसूली भी की जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से पत्र जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर को लिखा गया है। सेवानिवृत्त हो चुके कायम हुसैन को जांच के बाद सीवरेज घोटाले का दोषी पाया गया है। जांच के बाद निदेशालय के 9.42 करोड़ की वसूली की संस्तुति की गई थी। चूंकि कायम हुसैन गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले हैं। इसलिए इनके खिलाफ आरसी जारी कर वसूली करने के लिए जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर को लिखा गया है।

> “ जनपद में हुए सीवरेज घोटाले में उपरोक्त कंपनी और तत्कालीन एक्सईएन को दोषी पाया गया है। निदेशालय के निर्देश पर दोनों पर एफआईआर के लिए शहर कोतवाली में तहरीर दी गई है। वहीं, कायम हुसैन को आरसी जारी कर वसूली के लिए गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है।
>
> *– अंकुर श्रीवास्तव, एक्सईएन, जल निगम शहरी*

## ट्रैक्टर-ट्राली की जद में आने से युवक की मौत



**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जीवपुर में शनिवार की देर रात ट्रैक्टर- ट्राली पलटने से 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गाँव में कोहराम मच गया। इलाके के जीवपुर गांव निवासी गणेश यादव (29) पुत्र विदेशी यादव अपने खेत में कार्य कर ट्रैक्टर -ट्राली अपने घर खड़ा करने के लिए जा रहे थे। तभी नहर के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर -ट्राली पलट गई। जिससे गणेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गणेश यादव दो भाइयों में बड़े थे तथा उनकी शादी भी हो चुकी थी। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। ऑसू रुकने का नाम नहीं ले रहा था। परिजनों को ढांढस बढ़ाने व शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए दरवाजे पर ग्रामीणों का तांता लगा रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## लापरवाही बरतने में दो सिपाही निलंबित उप निरीक्षक समेत तीन लाइन हाजिर

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- **वर्दी का रौब दिखा, शराब दुकान से थाने लाए कई पेटी दारू, उच्चाधिकारियों का नाम आते ही छोड़ा**

कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने भांवरकोल थाने पर नियुक्त दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित तथा एक दारोगा व अन्य दो सिपाही को लाइन हाजिर किया गया है। एसपी ने शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जिसमें पुलिस की दबंगई व खाकी वर्दी की आड़ में अन्य कृत्य सामने आया है।

मामले में बताया जाता है कि सिपाही रंजित कुमार और वीरेंद्र कुमार दोनों भांवरकोल थाना में तैनात हैं। उनके द्वारा सजना देशी शराब की दुकान पर सादे में पहुंचकर न सिर्फ सेल्समैन से अभद्रता की, बल्कि उसकी दुकान से 10 पेटी शराब जबरदस्ती पिकअप में लादकर थाने ले आए। साथ ही बिना प्रभारी निरीक्षक को संज्ञान में लिए, शराब के दुकान स्वामी द्वारा उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कहने पर थाने से छोड़ दिया गया। उनके ऊपर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। साथ ही उपनिरीक्षक रवि प्रकाश, आरक्षी जितेंद्र शुक्ला तथा आरक्षी रोहित पांडेय को थाना भांवरकोल से पुलिस लाइन संबद्ध किया गया है। उक्त पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय जांच बैठाई गई है।

## ताड़ी उतारते समय पेड़ से गिरकर अधेड़ पासी की मौत

**बलिया।** जनपद के फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत निधरिया गांव में रविवार की सुबह ताड़ के पेड़ पर चढ़कर ताड़ी उतारते समय असंतुलित होकर गिरने से एक अधेड़ पासी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया। उधर मौत की सूचना मृतक के घर पहुंचते ही परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। शहर कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्रनगर निवासी विनोद पासी 45 पुत्र सूरज पासी रोज की भांति रविवार की सुबह ताड़ के पेड़ से ताड़ी उतारने के लिए निधरिया गांव स्थित ताड़ के पेड़ पर चढ़ा था, तभी ताड़ी उतारते समय असंतुलित होकर सिर के बल नीचे गिरा। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## नकली सोने के बिस्कुट और हीरे के साथ दो तस्कर धराए, पूछताछ जारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भुजहुआ से दो तस्करों को नकली सोने के बिस्कुट तथा नकली हीरे के नग के साथ धर दबोचे गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया। इलाके के भुजंहुआ क्षेत्र में चौकी प्रभारी सिधौना फूलचंद पांडेय अपने हमराही के साथ चेकिंग अभियान चला रहें थे। तभी मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर कुढ़ालम्बी तिराहे (भुजंहुआ) में पुलिसकर्मी चेकिंग करने लगे। इतने में आजमगढ़ की तरफ से दो युवकों को पैदल आते हुए देखा गया, तो उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। इतने में मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया।





उधर उनसे भागने का कारण और नाम -पता पूछा गया, तो दोनों युवकों ने अपना नाम अंकित सिंह पुत्र स्व. दिवाकर सिंह निवासी ग्राम दानीपुर थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ बताया वही दूसरे युवक ने श्रेयांश सिंह पुत्र अरविंद सिंह निवासी बलरामपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर बताया। इनकी जब तलाशी ली गई तो उनके पास से चार सोने के नकली बिस्कुट व एक हीरे की नकली नग बरामद की गई। थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा ने बताया की मामला सज्ञान में है, दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया है। टीम में चौकी प्रभारी सिधौना फूलचंद पांडेय, हेड का. अवधेश यादव, का. आकाश सिंह, का. शमशेर सिंह, का. रवि सरोज तथा का. सूरज बिन्द उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन चेक करें वोटर लिस्ट में अपना नाम

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर निकाय के मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम ऑनलाइन चेक कर सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी वेबसाइट पर यह व्यवस्था कर दी है। वहीं मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का समय समाप्त हो चुका है। चुना की मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

जिले के 12 निकायों में 12 अध्यक्ष और 195 सभासद का चुनाव होना है। जिले में दूसरे चरण में 11 मई को मतदान होना है। एक अप्रैल को इस चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अब इस चुनाव में 346737 मतदाता अपने मताधिकार





का प्रयोग करेंगे। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख 60 हजार 31 के अलावा पुरूष वोटरों की तादाद एक लाख 86 हजार 706 है। अहम बात यह है कि जिले के सभी निकायों की मतदाता सूची को राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है। जिस पर कोई भी वोटर जाकर डाउनलोड के आप्शन में मतदाता सूची डाउनलोड कर वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक कर सकता है।

**इस बार न एप न मोबाइल संदेश :** पिछले चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग ने एक एप विकसित किया था। जिस पर मतदाता सूची से लेकर अन्य तमाम सूचनाएं भी उपलब्ध थी। वोटरों को इससे काफी आसानी थी। इसके अलावा मतदाता को उसके मोबाइल नंबर पर मैसेज के जरिए यह सूचना मिल जाती थी कि उसका मतदान किस केंद्र और किस क्रमांक पर होगा, लेकिन इस बार ये व्यवस्थाएं नहीं है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी समस्या के कारण इस बार यह संभव नहीं हो पाया।

## डीएम के आदेश पर हुई फसल की कटाई

**बलिया।** जनता दर्शन के दौरान जिला अधिकारी रवीन्द्र कुमार के समक्ष वरिष्ठ नागरिक विन्ध्याचली देवी पत्नी भानू प्रताप सिंह निवासी सहतवार तहसील बांसडीह के द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसमें उन्होंने बताया कि बांसडीह स्थित भूमि 1800 की सं०भू० पर उनके द्वारा 2.687 हेक्टेयर अरहर की फसल बोई गई है, लेकिन उनकी पुत्र वधू दीपिका सिंह द्वारा फसल काटने नहीं दिया जा रहा है। आवेदिका और उसके पति काफी वृद्ध हैं और फसल खेत में नुकसान हो रही है। जिसे संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ नागरिक की भूमि की रक्षा और फसले कटवाएं जाने के लिए उपजिलाधिकारी बांसडीह को आदेशित किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की गई जान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नंदगंज थाने के रजादी पेट्रोल पंप के पास रविवार को मार्ग दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस सोशल मीडिया के सहारे मृतका की शिनाख्त में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

बताया जाता है कि वाराणसी-गाजीपुर फोरलेन स्थित रजादी पेट्रोल पंप के सामने सुबह तेज रफ्तार एक वाहन की चपेट में आने से 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान में जुटी रही, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। ऐसे में शव को सुरक्षित रखने के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया। पुलिस को कुछ लोगों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह कई दिनों से सड़क पर इधर-उधर घूम रही थी। थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने कहा कि महिला की शिनाख्त की कोशिश जारी है। शव को मर्चरी हाउस भेजा गया है।

### मुहम्मदाबाद नगर के अकटहिया मुहल्ले में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

# पैसों और पिस्तौल के बल पर चुनाव जीतने का युग समाप्त: सांसद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुहम्मदाबाद नगर के अकटहिया मुहल्ले में शनिवार की शाम नगर पालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संदीप गुप्ता के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बलिया के सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त ने फीता काटकर किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश बदल रहा है। विकास के लिए मुहम्मदाबाद में भी भाजपा की जीत जरुरी है।अब तक मुहम्मदाबाद नगर की नीति फाटक में बनती रही है।मुहम्मदाबाद के विकास की योजना यहां की जनता को बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाइए,



क्योंकि अब पैसा और पिस्तौल के बल पर चुनाव जीतने का युग समाप्त हो चुका है। भाजपा जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने कहा कि मुहम्मदाबाद नगर पालिका के चुनाव पर पूरे प्रदेश की निगाह लगी हुई है।

वर्तमान में परिस्थितियां भी पार्टी के पक्ष में है। केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच में रखकर कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रयास करेंगे, तो विजय निश्चित है। इस मौके पर चुनाव प्रभारी अशोक मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शंकर राय, महामंत्री प्रवीण सिंह, कृष्ण बिहारी राय, विरेंद्र राय, राम जी गिरी, राजेन्द्र निषाद, पीयूष राय, प्रमोद राय, दिनेश अग्रवाल, राजेन्द्र यादव, शशांक राय, त्रिलोकी गुप्ता, सतीश चन्द्र राय, प्यारे मोहन यादव, आनन्द मिश्रा, रोहित त्रिपाठी, सुनील तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन सुनील सिंह एवं आभार नगर अध्यक्ष ओपी गिरि ने किया।

## कद्दावर व करिश्माई व्यक्तित्व के धनी थे स्व. बच्चा पाठक: मस्त

**बलिया।** नगर के कदम चौराहा पर उप्र सरकार के पूर्व मंत्री स्व. बच्चा पाठक की छठवीं पुण्यतिथि पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त ने स्व. बच्चा पाठक के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि स्व. बच्चा पाठक कद्दावर और करिश्माई व्यक्तित्व के धनी थे। उनके विचारों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पूर्व विधायक सुधीर राय, पूर्व मंत्री व्यास जी गोंड, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अवध विहारी शुक्ला, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय, बृजेश सिंह, रमाशंकर तिवारी, सपा नेता अनिल राय, संजय पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता सियाराम यादव ने किया।

## एक नजर

### अक्षय तृतीया पर पूजे गए भगवान परशुराम

**बलिया।** जनपद मुख्यालय से करीब 30-35 किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित आदर्श नगर पंचायत मनियर है। मनियर बाजार में भगवान परशुराम की प्राचीन मंदिर है। अक्षय तृतीया के दिन रविवार को मंदिर पर काफी भीड़ दिखी। लोग भगवान परशुराम सहित अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों पर माथा टेका। परशुराम भक्त कमेटी के तरफ से भक्तों को निशुल्क शरबत पिलाया जा रहा था। अक्षय तृतीया के समय से मनियर बस स्टैंड पर करीब एक पखवारे का मेला लगता है। भगवान परशुराम के विषय में बताया जाता है कि मनियर उनकी तपोभूमि रही है। उस समय मनियर घना जंगल हुआ करता था और यहीं भगवान परशुराम सहित अन्य ऋषि मुनि तप किया करते थे। बहेरा कुंवर राक्षस उनकी तप में बाधा उत्पन्न करता था। जब भगवान परशुराम तप में लीन होते थे ।उसी समय वह घोर गर्जना किया करता था। जिससे इनकी तप भंग हो जाती थी ।एक दिन भगवान परशुराम ने बहेरा कुंवर राक्षस को मारने का निश्चय किया और मऊ जनपद के मधुबन के पास स्थित रतोह ताल में उसको खोजते हुए चले गए। दोनों लोगों के बीच भयंकर युद्ध हुआ। उस युद्ध में तय हुआ था कि जो एक दूसरे को मार देगा वह उसे सरजू नदी में जल प्रवाह करेगा। भगवान परशुराम बहेरा कुंवर राक्षस का वध किए। वहां युद्ध होने के कारण वह भूमि बड़ा ताल का रूप ले लिया और भगवान परशुराम बहेरा कुंवर राक्षस को घसीट कर मनियर लाए और सरजू नदी में जल प्रवाह किये। जिस रास्ते से घसीट कर लाए थे उस राक्षस के भार से वह रास्ता छोटी नदी का रूप धारण कर लिया। आज भी वह छोटी नदी विराजमान है जिसे बहेरा नाला के नाम से जाना जाता है। बहेरा नाला भगवान परशुराम के मंदिर के पीछे है।



### आधुनिक भारत में संविधान की चुनौतियां एवं हम सबका दायित्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के कहोत्तरी चट्टी स्थिति डॉ. अम्बेडकर पार्क में आधुनिक भारत में भारतीय संविधान की चुनौतियां एवं हम सबका दायित्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रामचंद्र बौद्ध ने कहा कि हमारे देश में कुछ ऐसी ताकतें पनप गई हैं, जो लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करने का प्रयास कर रही हैं। अगर हम सजग नहीं हुए तो हमारा संविधान समाप्त कर दिया जाएगा। हम सभी को मिलकर अपने देश के संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आकर संघर्ष करना होगा। विशिष्ट वक्ता श्याम लाल यादव फक्कड़ गाजीपुरी ने कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान न होता तो चार पैर के जानवर और दो पैर के इंसान में कोई फर्क न होता। बाबा साहब दलितों, शोषितों, पीडितों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं। जनार्दन राम ने कहा कि आज कुछ लोग बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को बदलने की बात करते हैं। इसलिए हम सभी को मिलकर अपने देश के संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आना होगा। पूर्व प्रमुख विजय सिंह यादव ने कहा कि डा.भीमराव आंबेडकर ने समरसता का संदेश दिया। जिससे निचले वर्ग के लोगों के जीवन का उत्थान हो सके। इस उद्देश्य को लेकर संविधान का निर्माण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मेवा यादव, रामदरश बोधाचार्य, सूबेदार स्नेही, डॉ. रमाशंकर, नंदलाल, शेषनाथ, शैलेश राम, रामा लालधर बागी, जयराम मास्टर, अजय राज आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। अंत में कार्यक्रम के आयोजक जनार्दन राम ने सबके प्रति आभार प्रकट किया।



### साहित्य उन्नयन संघ के अध्यक्ष बने दिलीप

**गाजीपुर।** साहित्य एवं संस्कृति के उत्थान के लिए हिन्दी के आदि कवि भारतेन्दु हरिश्चंद्र की अमर उक्ति "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल" को चरितार्थ करते हुए आज आमघाट गांधी पार्क स्थित दिलीप कुमार चौहान 'बागी' के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक धर्मदेव सिंह यादव ने की। बैठक में साहित्य उन्नयन संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए दिलीप कुमार चौहान 'बागी', उपाध्यक्ष कृष्णानन्द दुबे, महामंत्री यशवंत सिंह यादव, संयुक्त मंत्री दिलीप कुमार 'दीपक', सांस्कृतिक मंत्री आशुतोष श्रीवास्तव का चयन हुआ। इस अवसर पर दिलीप कुमार चौहान 'बागी' को कोषाध्यक्ष तथा यशवंत यादव को मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी अध्यापिका सुशीला राय चुनी गई। प्रधान संरक्षक धर्मदेव सिंह यादव, संरक्षक मंडल में डॉ. निरंजन यादव, डॉ. बालेश्वर विक्रम, डॉ. संगीता मौर्या, एजाज अहमद खान का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों में पारुल राय, अमजद खान, अनामिका राय, सुजीत कुशवाहा और कुमारी सलोनी का चयन किया गया। अध्यक्षीय संबोधन करते हुए धर्मदेव सिंह यादव ने साहित्य उन्नयन संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों व संरक्षक मण्डल को शुभकामनाएं दी तथा साहित्य उन्नयन संघ के उज्वल भविष्य की कामना की।



### सबको साथ लेकर चलते हैं ब्राह्मण: अजीत पांडेय

**मऊ।** अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले विष्णु के छठवे अवतार महर्षि परशुराम की जन्म उत्सव प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में अक्षय तृतीया पर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित अजीत कुमार पांडे प्रदेश अध्यक्ष बी एस एस परशुराम सेना, ब्लाक प्रमुख अजमतगढ़ मनीष मिश्रा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बड़राव आद्याशंकर मिश्रा, अरविंद पांडेय ने परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करके महर्षि परशुराम को नमन किया। मुख्य अतिथि अजीत पांडे ने कहा समाज में ब्राह्मणों की दुर्दशा हो रही है, समाज के हित के लिए महर्षि परशुराम ने जीवन पर्यंत संघर्ष किया अत्याचारों का दमन किया। हम उनके वंशज होकर अपने अस्तित्व को भूल गए। एक बने नेक बने गरीब ब्राह्मणों को शिक्षित बनाने के लिए आगे बढ़े। वहीं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अजमतगढ़ आजमगढ़ ने अपने संबोधन में कहा की एकता के बल पर हम अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए सभी लोगों को नैतिकवान संस्कारवान होना पड़ेगा। गरीबों के लिए मेरा दरवाजा सदैव खुला रहेगा। अजीत पांडे अध्यक्ष संघर्ष समिति घोसी ने कहा कि हम सनातन धर्म को मानते हैं मार्ग परशुराम के आदर्शों पर चलकर विकास के पथ पर हम आगे बढ़े। वहीं आद्याशंकर मिश्रा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा एकता में बल होता है परशुराम ने समाज में गिरते हुए लोगों को उठाया और अत्याचार से लोगों को निजात दिलाया। उनके बताए मार्ग पर चलने से समाज का कल्याण होगा। बिपिन बिहारी पाठक ने गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों में ऊर्जा का संचार किया। उक्त अवसर पर ज्ञानीश शुक्ला, रमेश तिवारी, चंदन उपाध्याय, राम अधीन पांडे, सूरज नाथ शास्त्री, ममता पांडे, संजय मिश्रा, अतुल, सुरज, जनार्दन मिश्रा, बबलू पांडे, आलोक तिवारी, रत्नेश पांडे, चंद्रभान तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

